RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

नेताओं तक पर नहीं, लागू यह सरकार।
पढ़ें-लिखें फिर क्यों भला, केवल नंबरदार।
केवल नंबरदार, छूट यह सब को देना।
जनसेवक को भला, पढ़ाई से क्या लेना।
कह साहिल कविराय, मांगना सीखें भिक्षा।
बनें चतुर-चालाक, व्यर्थ है शिक्षा-विक्षा।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 117 | THURSDAY DATE 21-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# आर्थिक संकट और संविधान पर खतरे से देश को बचाना होगाः राहुल गांधी

» **रायबरेली, यूटर्न/ 20 मई।**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रायबरेली के लोधवारी गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरा पासी की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर आयोजित 'बहुजन स्वाभिमान सभा' में केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश जल्द आर्थिक संकट की ओर बढ़ सकता है और इसका सबसे अधिक असर आम जनता पर पड़ेगा। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिका-ईरान टकराव के कारण वैश्विक व्यापार प्रभावित हुआ है।



उन्होंने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित होने से तेल और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होगी, जिससे आने वाले समय में महंगाई बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, गैस और रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी होने वाली हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आम लोगों की समस्याओं से दूर है। राहुल गांधी ने कहा कि जब आर्थिक हालात बिगड़ेंगे, तब जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। सभा में राहुल गांधी ने संविधान और सामाजिक समानता का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वीरा पासी और भीमराव अम्बेडकर ने समानता और अधिकारों की लड़ाई लड़ी थी। राहुल गांधी ने कहा, 'हिंदुस्तान में हर नागरिक समान है। हर व्यक्ति को अपने परिश्रम का पूरा फल मिलना चाहिए और सभी को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। यह देश सबका है, किसी एक जाति या संगठन का नहीं है। यही बात हमारा संविधान भी कहता है। उन्होंने कहा कि संविधान देश की जनता की आवाज है और उसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।'

सभा के दौरान राहुल गांधी ने हाथ में संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा, 'सिर्फ नारों से कुछ नहीं होगा। बदलाव और अधिकारों की रक्षा संविधान को बचाने से ही होगी। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा संविधान की मूल भावना को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की रक्षा जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें



### सीएम सुवेंदु अधिकारी ने जीटीए के कामकाज में भ्रष्टाचार की जांच की घोषणा की

**कोलकाता, यूटर्न/ 20 मई।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि गोरखालैंड टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के कामकाज में कथित भ्रष्टाचार की जांच शुरू की जाएगी। जीटीए उत्तरी बंगाल के दार्जिलिंग, कर्सियांग और कलिम्पोंग के पहाड़ी इलाकों में नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाली एक स्वायत्त संस्था है। सीएम ने यह घोषणा दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में हुई एक प्रशासनिक बैठक के दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए की।

### 'मेट्रो मंडे' के बाद दिल्ली सरकार ने वर्क फ्रॉम होम को दिया बढ़ावाः कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** राष्ट्रीय राजधानी में 'मेट्रो मंडे' की सफलता के बाद दिल्ली सरकार ने 'वर्क-फ्रॉम-होम' अभियान को तेज कर दिया है। दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील के अनुरूप अब मंत्री और सरकारी कर्मचारी (स्वयं वे भी शामिल) रिमोटली काम कर रहे हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने हर सप्ताह के बुधवार और शनिवार को दो दिन 'वर्क-फ्रॉम-होम' की पॉलिसी लागू करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद पूरा देश एकजुट है।

# भारत-इटली साझेदारी हुई और मजबूत : पीएम मोदी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पीएम मोदी ने रणनीतिक रिश्तों को और विस्तार देने का ऐलान किया तो प्रगाढ़ संबंधों की अहम वजह साझी धरोहर को भी बताया। प्रधानमंत्री ने विशेष रणनीतिक साझेदारी का ऐलान करते हुए कहा, 'मुझे खुशी है कि हम अपने संबंधों को अपग्रेड करते हुए स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा कर रहे हैं। आज की बैठक में हमने हमारी भावी साझेदारी को और सशक्त बनाने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की। भारत-इटली ज्वाइंट एक्शन प्लान 2025-2029 हमारी साझेदारी को एक प्रैक्टिल (व्यावहारिक) और फ्युचरिस्टिक (भविष्योनमुख) ढांचा प्रदान करता है। हम इस पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इटली और भारत की साझेदारी के पीछे की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, 'इटली विश्व में डिजाइन और प्रीसिशन के लिए जाना जाता है। भारत की पहचान स्केल, टैलेंट और अफोर्डेबल इनोवेशन के पावरहाउस की है। इसलिए हम डिजाइन एंड डेवल्प इन इंडिया एंड इटली एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड के सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे।'

पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा, 'रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है।

हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और नीली अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है।' पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इटली ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क्स को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं।

## महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट बढ़ा लेकिन सरकार आत्म प्रचार में है व्यस्त : खरगे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि देश गंभीर आर्थिक संकट में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ आत्म प्रचार में व्यस्त है और इसी का परिणाम है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गंभीर रूप से बढ़ा है और जनता पर आर्थिक बोझ थोपा गया है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को लिखा कि श्री मोदी जनता को भाषणों की 'मिठास' सुनाना चाहते हैं, जबकि आम जनता उनकी सरकार की आर्थिक नीतियों से पैदा हुई 'मुश्किलों' के बीच जीवनयापन करने को मजबूर है।



## प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी, लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने के समान : मुर्मु

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सिविल अधिकारियों से जनहित और स्थापित व्यवस्था के अनुरूप सही निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा है कि जिस प्रकार न्याय मिलने में देरी को न्याय से वंचित करना माना जाता है उसी प्रकार प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी भी लोगों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने के समान है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2024 बैच के अधिकारियों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। ये अधिकारी अभी विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

## एआई मिशन को गति देगा यूपी डाटा सेंटर क्लस्टरः सीएम योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 20 मई।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश के भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयों, उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी), प्रोजेक्ट गंगा तथा गेहूं के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क एवं मंडी सेस में संभावित छूट जैसे महत्वपूर्ण विषयों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। सीएम योगी ने यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी) की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इसकी शुरूआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र से की जा सकती है, जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी कहा कि टाटा समूह सहित बड़ी टेक कंपनियों से संवाद स्थापित कर लखनऊ को 'एआई सिटी' के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर प्रदेश को भारत और ग्लोबल साउथ का सबसे बड़ा एआई कंप्यूट पावर सेंटर बनाने की दीर्घकालिक रणनीति है।

## दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी और होगी और मजबूतः राजनाथ

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**



भारत और दक्षिण कोरिया ने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है। दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में मंगलवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री के साथ उनकी बैठक अत्यंत सफल रही और इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सहयोग और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किये। बैठक के बाद श्री सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ' सियोल में मेरे दक्षिण कोरियाई समकक्ष आह्न ग्यु बैक के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और तकनीकी सहयोग के प्रति साझा प्रतिबद्धता के साथ भारतझ्कोरिया गणराज्य रक्षा, रक्षा उद्योग और रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत सफल बैठक रही, क्योंकि भारत और कोरिया ने रक्षा साइबर सहयोग को बढ़ावा देने, भारत के राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और कोरिया गणराज्य के कोरिया राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के बीच तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना सहयोग से संबंधित समझौतों का आदान-प्रदान किया, जिससे हमारी साझेदारी और अधिक मजबूत तथा बहुआयामी बनी।

## आरक्षण और पीडीए के मुद्दे पर बोले अखिलेश यादव, सत्ता में आए तो 90 दिन में पूरी करेंगे 69 हजार शिक्षक भर्ती

**लखनऊ, यूटर्न/ 20 मई।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर 90 दिनों के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर अभ्यर्थियों को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में आते ही जातीय जनगणना कराई जाएगी। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने 'पीडीए ऑडिट' नामक दस्तावेज जारी किया। उन्होंने दावा किया कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों की अनदेखी की गई। सपा प्रमुख के अनुसार, 2019 की 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए निर्धारित सीटों का पूरा लाभ अभ्यर्थियों को नहीं मिला।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### बेजुबानों का आग में छिना घर, दफ्तरों के चक्कर काट रही महिला

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 20 मई।** कनावनी की झुग्गियों में अप्रैल माह में लगी आग से न केवल करीब पांच सौ से अधिक लोगों का आशियाना जलकर छिना था। बल्कि 50 निराश्रित कुत्तों का ठिकाना भी आग में स्वाह हो गया। 21 वर्षों से इन बेजुबानों को सेक्टर-5 वैशाली निवासी वंदना सिंह शेल्टर होम में रख रही थीं। अब बेजुबानों की के उजड़े शेल्टर को बसाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही हैं।

वंदना ने बताया कि वह प्रत्येक माह किराए के तौर पर 11 हजार रुपये शेल्टर होम के अदा करती थीं। 16 अप्रैल को लगी आग में उनके पांच बेजुबान जिंदा जल गए थे जबकि कई झुलस गए थे। उनके लिए दोबारा शेल्टर होम बनवाने को नगर निगम से जीडीए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन कोई आश्वासन नहीं मिला है। उन्होंने नगर निगम के पशु कल्याण विभाग से भी जमीन की मांग की है। वंदना वर्ष 2005 से सड़कों पर लावारिस बीमार और बेसहारा कुत्तों की सेवा कर रही हैं। वह निजी संसाधनों से कुत्तों के इलाज, भोजन और रहने की व्यवस्था करती चली आ रही हैं।

### गाजियाबाद हाउसिंग प्रोजेक्ट में बड़ा घोटाला, सीबीआई ने बिल्डर-बैंक नेक्सस का किया खुलासा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** होमबायर्स से जुड़े धोखाधड़ी मामलों की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़े बिल्डर-बैंक गठजोड़ का खुलासा किया। इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने 9वीं चार्जशीट दाखिल करते हुए बिल्डर कंपनी, उसके निदेशकों और बैंक अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। यह मामला उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित एक हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़ा है, जिसमें घर खरीदने वालों और वित्तीय संस्थानों को भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने मेसर्स मंजू जे. होम्स इंडिया लिमिटेड और उसके निदेशकों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कुछ बैंक अधिकारियों को आरोपी बनाया है। जांच एजेंसी के अनुसार, बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने बैंक अधिकारियों तथा अन्य निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर एक आपराधिक साजिश रची। आरोप है कि उन्होंने घर खरीदने वालों और निवेशकों को बड़े-बड़े वादे और झूठे आश्वासन देकर फंसाया तथा धोखाधड़ी के जरिए आर्थिक लाभ उठाया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी बैंक अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने तय नियमों और प्रक्रियाओं को नजरअंदाज करते हुए बिल्डर कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने में मदद की।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध अभियान- नशा छोडो जीवन से नाता जोड़ो

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद दिल्ली में सरकारी दफ्तरों और संस्थाओं में बुधवार को 'वर्क फ्रॉम होम' की शुरूआत हुई। इसी कड़ी में एनडीएमसी (नई दिल्ली नगर परिषद) के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की।

कुलजीत चहल ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि आज अपने सभी एचओडी के साथ मिलकर हम 'वर्क फ्रॉम होम' की शुरूआत कर रहे हैं। ठीक वैसे ही, जैसे प्रधानमंत्री ने सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित ऊर्जा और अन्य विभिन्न उपायों के संबंध में राष्ट्र से अपील



की थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी कहा कि दिल्ली सरकार और अन्य सभी संस्थान बुधवार को 'वर्क फ्रॉम होम' का पालन करेंगे।

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सभी देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील की है। हमने इस अपील के बाद अपनी तरफ से पहल शुरू की है। आज सभी एचओडी के साथ 'वर्क फ्रॉम होम' करते हुए चर्चा की। हमने आज ऑनलाइन बैठक में 'भारत-अफ्रीका समिट' को लेकर समीक्षा की। इस समिट का आयोजन 28 मई से लेकर 31 मई तक दिल्ली में होगा।' उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और बाकी सभी संस्थाएं हर बुधवार को 'वर्क फ्रॉम होम' करेंगी। इसी तरह हमने 'वर्क फ्रॉम होम' किया है। इसके साथ ही, चहल ने कहा, 'सड़कों पर पोस्टर लगाने के लिए एक डिजाइन भी तैयार हो चुका है। 'भारत-अफ्रीका समिट' को लेकर भी डिजाइन की शुरूआत हो चुकी है।'

एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने कहा कि हमें इस बात पर गर्व होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने जी-20 और एआई समिट का आयोजन अच्छे तरीके से किया। अब हम 'भारत-अफ्रीका समिट' को लेकर भी पूरी तरह तैयार हैं। कार्यक्रम में आने वाले विदेशी मेहमान होटलों में रुकते हैं। वे 'भारत मंडपम' की ओर जाते हैं।

शहर में दिवाली के त्योहार के जैसी चमक दिखाई दे, इसकी हम पूरी तैयारी कर रहे हैं। कुलजीत चहल ने कहा कि सबसे स्वच्छ, सबसे सुंदर और सबसे सुरक्षित एनडीएमसी क्षेत्र एक बार फिर समिट में आने वाले मेहमानों का स्वागत करने के लिए तैयार है।



## नीट पेपर लीक केस में शुभम खैरनार की सीबीआई कस्टडी 5 दिन बढ़ी

**अन्य आरोपियों को 2 जून तक न्यायिक हिरासत**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच लगातार तेज होती जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्य आरोपी माने जा रहे शुभम खैरनार की सीबीआई कस्टडी पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। वहीं, मामले में गिरफ्तार बाकी पांच आरोपियों को अदालत ने 2 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा है।

दरअसल, सीबीआई ने पेपर लीक और परीक्षा में धांधली के आरोप में गिरफ्तार कुल छह आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। इनमें महाराष्ट्र, राजस्थान और हरियाणा से गिरफ्तार आरोपी शामिल हैं। कोर्ट में पेश किए गए आरोपियों में नासिक निवासी शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल, गुरुग्राम के यश यादव तथा महाराष्ट्र के अहिल्या नगर निवासी धनंजय लोखंडे के नाम शामिल हैं।

सीबीआई ने कोर्ट से शुभम खैरनार की कस्टडी बढ़ाने की मांग की। एजेंसी का कहना था कि हाल ही में गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों के साथ शुभम खैरनार का सामना कराना जरूरी है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को लेकर भी उससे आगे पूछताछ की जानी है। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि मामले में आगे रिकवरी भी करनी है और जांच के सिलसिले में शुभम खैरनार को महाराष्ट्र लेकर जाना पड़ेगा।

## गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्र में भीषण आग, 12 दमकल गाड़ियों ने एक घंटे में पाया काबू

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।**



गाजियाबाद के बीएस रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित ओमेगा प्रिंट पैक्स फैक्ट्री में बुधवार को भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि फैक्ट्री से उठता धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, कमिश्नरेट गाजियाबाद के फायर स्टेशन कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि बीएस रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ओमेगा प्रिंट पैक्स फैक्ट्री, ई-77/2 में भीषण आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित कई फायर टेंडर तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किए गए।

मौके पर पहुंची फायर टीम ने देखा कि फैक्ट्री के भीतर आग तेजी से फैल चुकी थी और चारों ओर घना काला धुआं फैला हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद स्वयं मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की कमान संभाली। दमकल कर्मियों ने तुरंत चार हौज पाइप फैलाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग फैक्ट्री के अंदर तक पहुंच चुकी थी, जिसके कारण दमकल कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दीवारें तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा ताकि आग पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण किया जा सके।

आग की तीव्रता बढ़ती देख गाजियाबाद जनपद के सभी फायर स्टेशनों से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। इसके अलावा पड़ोसी जनपद गौतमबुद्धनगर और हापुड़ से भी फायर यूनिट को मौके पर भेजा गया। करीब 12 दमकल गाड़ियों और बड़ी संख्या में दमकल कर्मियों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए आग को आसपास की अन्य फैक्ट्रियों तक फैलने से रोक दिया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास स्थित अन्य औद्योगिक इकाइयां भी इसकी चपेट में आ सकती थीं। लगभग एक घंटे की लगातार मेहनत के बाद दमकल विभाग ने आग को पूरी तरह शांत कर दिया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी आग का कारण हो सकती है। हालांकि, अधिकारियों द्वारा इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

## गीता स्थली ज्योतिसर व महाभारत अनुभव केंद्र पर होगी हैरिटेज एंड सिटी वॉक :विश्राम कुमार मीणा

**हरियाणा में पर्यटन को बड़ा बढ़ावा, 30 मई को ऐतिहासिक स्थलों पर होगी हैरिटेज एंड सिटी वॉक, युवाओं को विरासत से जोडने की पहल**

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 मई। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा 'आओ चलें अपनी विरासत के साथ' मुहिम के तहत हेरिटेज एंड सिटी वॉक का आयोजन 30 मई 2026 को सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक किया जाएगा। इस हेरिटेज एंड सिटी वॉक के तहत कुरुक्षेत्र में गीता स्थली ज्योतिसर तीर्थ स्थल व सरोवर, विराट स्वरूप व महाभारत अनुभव केन्द्र संग्रहालय को शामिल किया गया है।




उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को हरियाणा की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जोड़ना है, ताकि नई पीढ़ी अपने इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके तथा उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार हरियाणा की विरासत को संरक्षित करने, उसका जीर्णोद्धार करने और उसे पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड और वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण की सुविधा, मौके पर भी रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इससे पहले पहली बार 27 सितंबर 2024 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया था, जिसे लोगों का उत्साहजनक समर्थन मिला। इसी सफलता को देखते हुए अब दूसरी हैरिटेज एंड सिटी वॉक आयोजित की जा रही है और भविष्य में प्रत्येक माह इस प्रकार की वॉक आयोजित करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रदेश की विरासत से जुड़ सकें और विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि प्रति व्यक्ति 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें पानी, चाय, कॉफी, टोपी तथा अल्पाहार उपलब्ध कराया जाएगा। सभी स्थानों पर हैरिटेज गाइड की व्यवस्था भी की गई है, जो प्रतिभागियों को संबंधित स्थलों के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

उन्होंने विशेष रूप से महाभारत अनुभव केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों और युवाओं को महाभारत काल, भारतीय संस्कृति और इतिहास को आधुनिक माध्यमों से समझने का अवसर प्रदान करता है। यहां आने वाले युवाओं और छात्रों को भारतीय सभ्यता, संस्कृति और ऐतिहासिक घटनाओं को अनुभव के माध्यम से जानने और समझने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हैरिटेज वॉक का उद्देश्य केवल भ्रमण कराना नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और परंपराओं से जोडना है, ताकि उन्हें सीखने, समझने और अपनी जड़ों को जानने का अवसर प्राप्त हो सके।

## नजफगढ़ में हत्या के प्रयास का मुख्य शूटर गौरव मसालेवाला गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नजफगढ़ थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे मुख्य शूटर गौरव उर्फ लव शर्मा उर्फ संदीप उर्फ मसालेवाला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

क्राइम ब्रांच की एंटी गैंगस्टर स्क्वॉड (एजीएस) की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हरिनगर स्थित दीन दयाल अस्पताल के पास जाल बिछाकर आरोपी को दबोचा। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने और विरोध करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया।

पुलिस की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, गौरव नजफगढ़ थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या, लूट, स्नैचिंग, रंगदारी और आर्म्स एक्ट समेत 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी से नजफगढ़ इलाके में सक्रिय आपराधिक गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है।



यह मामला 23 अप्रैल की रात का है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के घर रोशन गार्डन, नजफगढ़ में सो रहा था।

इसी दौरान उसके दोस्त की भतीजी ने बताया कि दो लोग उसके चाचा के साथ झगड़ा कर रहे हैं। जब शिकायतकर्ता बाहर पहुंचा तो उसने देखा कि गौरव उर्फ मसालेवाला और प्रिंस मित्तल उसके दोस्त के साथ मारपीट कर रहे थे। कायतकर्ता ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो गौरव ने पिस्तौल निकालकर उस पर फायरिंग कर दी। गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया।

# लुवास के वैज्ञानिकों को मिला डिजाइन पेटेंट

### पशुओं में सुरक्षित रक्त संग्रह एवं रक्त चढ़ाने के लिए विकसित किया गया विशेष उपकरण

» **राजेश सलूजा**




हरियाणा, यूटर्न/ 20 मई। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के वैज्ञानिकों को 'पालतू पशुओं के रक्त संग्रह एवं रक्त चढ़ाने संबंधी उपकरण' के डिजाइन हेतु भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिजाइन पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शोध, नवाचार एवं वैज्ञानिक उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस अवसर पर संबंधित वैज्ञानिकों ने कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता तथा नवाचार आधारित कार्य संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली है। उन्होंने कहा कि लुवास के वैज्ञानिक पशु चिकित्सा एवं पशुपालन क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के विकास एवं अनुसंधान कार्यों के माध्यम से निरंतर उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

इस अवसर पर कुलपति सचिवालय में मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु भी उपस्थित रहीं तथा उन्होंने वैज्ञानिकों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके शोध एवं नवाचार कार्यों की सराहना की।

विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञान सिंह ने बताया कि यह डिजाइन पंजीकरण 'पालतू पशुओं के रक्त संग्रह एवं रक्त चढ़ाने संबंधी उपकरण' से संबंधित है। इस उपकरण को पशुओं में रक्त संग्रहण तथा रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, सरल, सुविधाजनक एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस उपकरण के उपयोग से संक्रमण की संभावना में कमी आती है तथा रक्त के सुरक्षित प्रबंधन एवं उपयोग में सहायता मिलती है। यह उपकरण विशेष रूप से पशु चिकित्सकों, पशु चिकित्सालयों एवं पशु देखभाल केंद्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

# गांव चानौत के ग्रामीण पानी की मांग को लेकर पांचवें दिन भी सड़क किनारे धरने पर डटे रहे

### धरने को समर्थन देने पहुंचे कई किसान संगठन, खाप, कांग्रेस बीजेपी के नेता

» **हरियाणा, यूटर्न/ 20 मई।**



चानौत गांव का धरना पांचवें दिन बहुत बड़ा हो गया है। धरने के पांचवें दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा मौके पर मौजूद रहे। धरने को समर्थन देने के लिए रोघी खाप प्रधान सुमेर सिंह जागलान, भारतीय किसान मजदूर युनियन के प्रतिनिधि, भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि दशरथ मलिक, कांग्रेस नेता तेलूराम जांगड़ा, और बीजेपी के नेता नरेश यादव भी धरना स्थल पर पहुंचे। सभी ने ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गांव के पास से पाइपलाइन गुजरने के बावजूद चानौत गांव को पानी नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीण लंबे समय से पेयजल संकट झेल रहे हैं और अब गांववासी अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं।

ग्लोबल 'मन राइट्स की एशिया अध्यक्षा श्रीमती विशाखा चौधरी, गांव के भूतपूर्व सरपंच सत्यवान दूहन व मौजूदा सरपंच हिमांशु दूहन ने साफ कहा कि जब तक गांव को पाइपलाइन से कनेक्शन नहीं मिलेगा, तब तक धरना जारी रहेगा और पाइपलाइन का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। महिलाओं की लगातार भागीदारी आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आ रही है।

धरने के दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई और सरकार से जल्द सकारात्मक कार्रवाई की मांग उठाई गई। सामाजिक कार्यकर्ता अनूप चानौत ने कहा कि जनहित के लिए सरकार को चानौत गांववासियों के राजली से चानौत गांव होकर हांसी शहर जाने वाली पाइपलाइन में कनेक्शन देना चाहिए।

# मातृ और बाल स्वास्थ्य एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध : नड्डा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**



बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य से जुड़े वैश्विक एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान पार्टनरशिप फॉर मैटरनल, न्यूबॉर्न एंड चाइल्ड हेल्थ (पीएमएनसीएच) की बोर्ड चेयर हेलेन क्लार्क के साथ द्विपक्षीय बैठक में जेपी नड्डा ने कहा कि भारत 2005 में पीएमएनसीएच की स्थापना के समय से ही उससे जुड़ा हुआ है।

मंत्री ने आगे कहा कि भारत इस साझेदारी को आगे भी जारी रखने और इसके उद्देश्यों में सार्थक योगदान देने पर गर्व महसूस करता है।

इसके अलावा, नड्डा ने पीएमएनसीएच में भारत की सक्रिय नेतृत्वकारी भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि भारत बोर्ड का उपाध्यक्ष और स्थायी समिति का अध्यक्ष है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि भारत की ओर से हर वर्ष 20 लाख डॉलर की स्थायी अनुदान राशि देने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत नवाचार और बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का केंद्र रहा है। भारत ने समानता और पहुंच को ध्यान में रखते हुए महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य को अपनी सेवा प्रणाली और सतत विकास प्रयासों के केंद्र में रखा है। उन्होंने कहा कि भारत उन शुरूआती देशों में शामिल था जिसने 2014 में किशोरों के लिए विशेष राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया। इसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों और सामुदायिक स्तर पर देश भर के युवाओं तक पहुंच बनाई गई।

मुख्य स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि भारत ने मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है, और यह सुधार वैश्विक औसत से भी तेज गति से हुआ है।

मंत्री ने कहा कि भारत के पास प्रमाण-आधारित सर्वोत्तम स्वास्थ्य मॉडल और बड़े स्तर पर लागू सफल सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम हैं, जिन्हें दुनिया के अन्य देशों के साथ साझा किया जा सकता है। उन्होंने अन्य देशों को तकनीकी मार्गदर्शन और सहयोग देने की भी इच्छा जताई। उन्होंने पीएमएनसीएच को भारत के सफल मॉडल और नवाचारों को भौतिक और डिजिटल मंचों के जरिए दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का निमंत्रण दिया। पीएमएनसीएच के उपाध्यक्ष के रूप में भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए नड्डा ने कहा कि भारत महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य तथा बढ़ते गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे मुद्दों पर संगठन का सहयोग करने के लिए तैयार है।

# जेल लोक अदालत में चोरी का मामला निपटा, विचाराधीन कैदी को मिली रिहाई

### जिला जेल में लगी लोक अदालत, बंदियों की समस्याएं भी सुनी गईं

» **निर्मल सिंह विर्क**




पानीपत, यूटर्न/ 20 मई। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शानुसार बुधवार को जिला जेल, सिवाह में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह लोक अदालत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुई। जेल लोक अदालत में चोरी से संबंधित एक मामले की सुनवाई की गई। मामले को आपसी सहमति और कानूनी सहायता के माध्यम से सफलतापूर्वक निपटा दिया गया। इसके बाद इस मामले में शामिल एक विचाराधीन कैदी को तुरंत रिहा कर दिया गया। इस दौरान सचिव ने जेल में बंद कैदियों से बातचीत भी की तथा उनकी समस्याएं और शिकायतें सुनीं, ताकि सभी बंदियों को कानूनी सहायता और न्याय मिल सके। विदित रहे कि यह जेल लोक अदालत एवं निरीक्षण कार्यक्रम इस बात का उदाहरण है कि विधिक सेवा प्राधिकरण जेलों में बंद कैदियों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

## आराध्या सैनी ने सेकंड रनरअप ट्रॉफी अपने नाम की



**परमिंदर सिंह / कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 मई।** सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा आराध्या सैनी ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए सेकेंड रनरअप की ट्रॉफी अपने नाम की। गत रविवार चंडीगढ़ में आयोजित अबेकस प्रतियोगिता में, जिसमें मस्तिष्क में उपकरण की कल्पना कर बड़ी से बड़ी गणनाओं को सेकंडों में हल करना होता है, लगभग 500 प्रतियोगियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता यूसीएम कंपनी द्वारा आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के कई स्तरों पर प्रशिक्षण एवं मुकाबले हुए, जिनमें आराध्या सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय रनरअप का स्थान प्राप्त किया। आराध्या सैनी अपने माता-पिता के साथ विद्यालय पहुँचीं, जहाँ उनका स्वागत विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रंजना शर्मा व संचालक विपिन कुमार द्वारा किया गया। आराध्या के पिता जय राम सैनी, जो एक प्रसिद्ध अधिवक्ता हैं, ने विद्यालय का धन्यवाद किया और बताया कि उनकी बड़ी पुत्री भी इसी विद्यालय की छात्रा रही हैं, जो वर्तमान में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। विद्यालय के संचालक विपिन कुमार ने परिवार को हर स्तर पर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा आराध्या सैनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इनेलो पार्टी के संगठन को मजबूत और विस्तारित किया जायेगा : रामेश्वर पहलवान




**निर्मल सिंह विर्क/ पानीपत, यूटर्न/ 20 मई।** इनेलो पार्टी कार्यालय चण्डीगढ़ में एस सी प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई जिसमें पार्टी सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला जी एस सी प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी साथियों को पार्टी में नये साथियों को जोड़ कर मजबूत बनाने का आ'ान किया। एस सी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान ने कार्यकर्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत और विस्तारित किया जायेगा। लगातार अलग-अलग पार्टियों से एस सी समाज के लोग इनेलो पार्टी में शामिल हो रहे हैं नारनौंद में हूई जिला स्तरीय मीटिंग का एक जनसभा का रुप लेना इस बात का सबुत है कि आने वाले समय में एस सी समाज अभय सिंह चौटाला को इस प्रदेश का मुख्य मंत्री बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशे के विरुद्ध अभियान- नशा छोडो जीवन से नाता जोड़ो

### हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा विशेष अभियान

» **हरियाणा, यूटर्न/ 20 मई।**



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार क्ढर के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा क्ढर के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्थान के वर्ग अनुदेशक आंनद कुमार के नेतृत्व में संस्थान के अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उच्चाधिकारियों के आदेश से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे और एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे डॉ वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर नशे के विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार से समझाकर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है। उन्होंने बताया कि नशा मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है और उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी या बिक्री से संबंधित कोई भी सूचना मिलने पर ठउइ नेशनल हेल्पलाइन 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल NCBMANAS.GOV.IN या हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन 90508-91508 टोल-फ्री नंबरों पर दें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर लगेगा एक हजार का जुर्माना

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।** जनगणना-2027 के अगले चरण की शुरूआत 22 मई से होगी। इस दौरान मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 20 जून तक कराया जाएगा। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। मंगलवार को जनगणना अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। दोष सिद्ध होने पर तीन वर्ष तक के कारावास का भी प्रावधान है। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दिन के भीतर सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों को उनके प्रगणक ब्लॉक आवंटित कर नियुक्ति पत्र उपलब्ध करा दिए जाएं। साथ ही प्रगणकों और सुपरवाइजरों को 21 मई को अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर क्षेत्र की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सिग्नल पर युवक को नशीला पदार्थ सुंघाकर स्कूटी ले भागा

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 20 मई।** कौशांबी थानाक्षेत्र के गाजीपुर मंडी के पास सिग्नल पर खड़े एक युवक को ठग ने नशीला पदार्थ सुंघाया और स्कूटी लेकर भाग गया। होश में आने पर पीड़ित सड़क किनारे पड़ा मिला तो घटना का पता चला। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। लोहारपुरा निवासी इमरान कुरैशी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 अप्रैल को वह गाजीपुर मंडी से लौट रहे थे। जब वह वैशाली में ट्रैफिक सिग्नल पर रुके तो एक युवक उनके पास से निकला और उसने अपना हाथ उसके चेहरे के पास से घुमाया।

# देर रात गोलीबारी से दहला वेलकम इलाका, 22 वर्षीय युवक की गई जान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**



दिल्ली के वेलकम थाना क्षेत्र में देर रात हुई गोलीबारी की एक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। इस वारदात में 22 वर्षीय एक युवक की जान चली गई, जिससे स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में कई टीमें गठित की हैं। जानकारी के मुताबिक, यह घटना 19-20 मई 2026 की दरमियानी रात को हुई। पुलिस स्टेशन वेलकम को गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस श्याम लाल कॉलेज के पास घटनास्थल पर पहुंची, तो पता चला कि घायल युवक, अमनुल्लाह कुरैशी (22 वर्ष), पुत्र मो. तस्लीम, निवासी गुरुद्वारा मोहल्ला, मौजपुर, को उसके परिवार वाले पहले ही जीटीबी अस्पताल ले जा चुके थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का मुआयना किया और अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत इकट्ठा किए।

पुलिस स्टेशन वेलकम में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। कई टीमें इस दिशा में काम कर रही हैं और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

# गर्मी का कहर: स्कूल में बेहोश हुई छात्रा, अस्पताल में भर्ती



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।**

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू बच्चों की सेहत पर गंभीर असर डालने लगी है। मंगलवार को प्रताप विहार स्थित एसबी स्कूल में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा अचानक बेहोश होकर गिर गई। छात्रा को आनन-फानन में एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई है।

एमएमजी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, प्रताप विहार निवासी आकांक्षा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे स्कूल परिसर में बेहोश हो गई। स्कूल प्रशासन ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। स्कूल स्टाफ और छात्रा के पिता उसे लेकर एमएमजी अस्पताल पहुंचे, जहां इमरजेंसी में तत्काल उपचार शुरू किया गया। ईएमओ डॉ. ब्रजेश ने बताया कि छात्रा को डिहाइड्रेशन की समस्या थी और समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत में सुधार हो गया।

**अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या :** भीषण गर्मी के कारण उल्टी-दस्त, बुखार, आंखों में जलन और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ी हैं। इसके चलते एमएमजी अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल समेत सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा भीड़ फिजिशियन विभाग में देखी जा रही है।

एमएमजी अस्पताल में सामान्य दिनों में प्रतिदिन 1800 से 1900 मरीज आते थे, लेकिन इन दिनों यह संख्या बढ़कर 2000 से 2100 तक पहुंच गई है। मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी में कुल 2072 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 1039 महिलाएं और 302 बच्चे शामिल रहे। अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रही है। उन्होंने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों को लू से प्रभावित मरीजों के तत्काल उपचार के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में ओआरएस के अलग काउंटर बनाए गए हैं।

एमएमजी अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल के अलावा सीएचसी और पीएचसी पर शीतकक्ष (कोल्ड वार्ड) भी तैयार किए गए हैं। एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि लू से प्रभावित मरीजों के लिए विशेष बेड आरक्षित किए गए हैं। रोजाना पांच से सात मरीज भर्ती किए जा रहे हैं।



# डिप्रेशन और गर्भावस्था में दवा न मिलने से परेशान महिला ने दी जान

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।**

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की रघुनाथपुरी एक्सटेंशन, गली नंबर-4 के एक मकान में ढाई माह की गर्भवती महिला का शव फंदे से लटका मिला। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। नोट में युवती ने डिप्रेशन के चलते यह कदम उठाने की बात लिखी है। साथ ही पति से दूसरी शादी कर खुश रहने की अपील की है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मृतका की पहचान 24 वर्षीय पूजा पुत्री रमन यादव के रूप में हुई। पूजा कुछ दिन पहले ही ससुराल से मायके आई थी। मंगलवार सुबह परिजनों ने उसका शव कमरे में पंखे से लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**सुसाइड नोट में लिखा दर्द :** पुलिस को कमरे से मिला सुसाइड नोट पूजा ने अपने पति को संबोधित कर लिखा है। उसमें लिखा कि वह डिप्रेशन से जूझ रही है और सोचने-समझने की शक्ति खो चुकी है। गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी बीमारी का बुरा असर पड़ सकता है। 'मैं अब तुम्हारी काबिल नहीं रह गई हूं। मेरे लिए तुम अपनी जिंदगी बर्बाद न करो। दूसरी शादी करके खुश रहना। मैं अब दुनिया छोड़ रही हूं।' नोट में पूजा ने ससुराल पक्ष से मिले प्यार और दुलार का भी जिक्र किया है।

# राजधानी में कुत्तों का आतंक बढ़ता गया

## सिस्टम की तैयारी फाइलें 'चाटती' रही, लोग भुगत रहे हैं खामियाजा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

राजधानी में लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या और लगातार सामने आ रही डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने के लिए एमसीडी के पास संसाधन सीमित हैं। दरअसल, सरकारी व निजी अस्पतालों में रोजाना एक अनुमान के अनुसार दो हजार लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर एमसीडी सीमित संसाधनों के सहारे लावारिस कुत्तों की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहा है। फिलहाल एमसीडी की पूरी व्यवस्था पकड़ो-नसबंदी करो-टीकाकरण करो और वापस छोड़ो मॉडल पर आधारित है।

एमसीडी के पास 20 नसबंदी केंद्र हैं, लेकिन इनमें से केवल 13 ही सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इन केंद्रों का संचालन अलग-अलग एनजीओ के जरिये किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद एमसीडी, एनजीओ की टीम लावारिश कुत्तों को नसबंदी केंद्र तक लाती है। यहां स्वास्थ्य परीक्षण, नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण के बाद सामान्य व्यवहार वाले कुत्तों को दोबारा उसी इलाके में छोड़ दिया जाता है। गत वर्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आक्रामक या खूंखार प्रवृत्ति वाले कुत्तों को निगरानी में रखने की शुरूआत की गई है। राजधानी की विशाल आबादी और तेजी से बढ़ती कुत्तों की संख्या के मुकाबले यह क्षमता काफी सीमित है। कई इलाकों में लोग रात को ही नहीं, बल्कि दिन के समय कुत्तों के झुंड, बच्चों पर हमले और बाजारों में बढ़ती आक्रमकता की शिकायतें लगातार कर रहे हैं।

एमसीडी ने खूंखार कुत्तों को रखने के लिए द्वारका में एक डॉग शेल्टर बनाया है लेकिन अभी यह चालू नहीं हुआ है। वह फिलहाल ऐसे कुत्तों को रखने के लिए नसबंदी केंद्रों का सहारा ले रहा है। एमसीडी ने लावारिस कुत्तों के आतंक को कम करने के लिए 735 फीडिंग पॉइंट भी बनाए हैं। एमसीडी का तर्क है कि तय स्थानों पर भोजन मिलने से कुत्तों की गतिविधियां नियंत्रित रहती हैं, लेकिन कई इलाकों में अनियमित फीडिंग को लेकर विवाद भी बढ़ रहे हैं। स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी भोजन डाले जाने से कुत्तों के झुंड बनने लगे हैं।

### हर जोन में डॉग शेल्टर, माइक्रोचिपिंग और नए कैनल, एमसीडी की नई मास्टर प्लानिंग

सुप्रीम कोर्ट के मंगलवार को आए आदेश के बाद एमसीडी ने लावारिश कुत्तों की समस्या को नसबंदी तक सीमित रखने के बजाय बड़े और



बहुस्तरीय नियंत्रण मॉडल पर काम करने का निर्णय लिया है। नई रणनीति के तहत डॉग शेल्टर, माइक्रोचिपिंग, बड़े स्तर पर रेबीज टीकाकरण, अतिरिक्त डॉग कैनल और फीडिंग रेगुलेशन जैसे कई कदम शामिल किए गए हैं।

एमसीडी की योजना है कि अपने हर जोन में कम से कम एक डॉग शेल्टर विकसित किया जाए। इसके लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान कर रखा है। इनमें लावारिश कुत्तों के लिए आश्रय, उपचार, निगरानी और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं एमसीडी पांच नए नसबंदी केंद्रों पर अतिरिक्त डॉग कैनल बनाए जाएगे, जबकि पांच मौजूदा नसबंदी केंद्रों की क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। इससे प्रतिदिन होने वाली नसबंदी की संख्या में बढ़ोतरी होगी और लंबे समय में कुत्तों की आबादी नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। एमसीडी पहली बार माइक्रोचिपिंग आधारित निगरानी व्यवस्था को भी बड़े स्तर पर लागू करेगी इसके लिए बजट में 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जबकि नसबंदी करने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए 15 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वह नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों में माइक्रोचिप लगाएगी, जिससे उनकी पहचान, लोकेशन और मेडिकल रिकॉर्ड डिजिटल रूप से ट्रैक किए जा सकेंगे। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि किस इलाके में कितने कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण हो चुका है। रेबीज नियंत्रण के लिए भी बड़े स्तर पर मास एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान चलाने की तैयारी है। फीडिंग पॉइंट की संख्या बढ़ाने के साथ अनियमित स्थानों पर कुत्तों को भोजन खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की नीति पर भी काम किया जाएगा।

### कुत्तों के काटने के रोज अस्पतालों में आते हैं 1500 से अधिक मामले

दिल्ली के अस्पतालों में कुत्तों के काटने के औसतन रोजाना 1500 से अधिक मामले देखने को मिलते है। इसमें अकेले सफदरजंग अस्पताल में 700-800 लोग कुत्ते के काटने पर टीकारण के लिए आते है। इसमें नए और पुराने मामले भी शामिल है। जबकि दिल्ली के दूसरे अस्पतालों में रोजाना 100-150 की तादाद में उपचार के लिए पहुंचते है। कुत्ते काटने का सबसे ज्यादा शिकार बच्चे और युवा होते है। जीटीबी अस्पताल के अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुत्ते के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीनेशन लगाने के तीन पैमाने है।

यूटर्न टाइम्स
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# करीब 85 लाख से अधिक डेवलपर्स गूगल एआई मॉडल का कर रहे इस्तेमाल : सुंदर पिचाई

### 190 अरब डॉलर का निवेश करेगी कंपनी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि 85 लाख से अधिक डेवलपर्स हर महीने कंपनी के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल का इस्तेमाल कर ऐप बना रहे हैं।

पिचाई ने ब्लॉग में कहा कि गूगल इस साल एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 190 अरब डॉलर निवेश करने की योजना बना रहा है, जो कि एआई डेटा सेंटर्स, कस्टम सिलिकॉन और मॉडल ट्रेनिंग पर केंद्रित होगा। पिचाई ने आगे कहा कि कंपनी अपने



एआई इकोसिस्टम में तेज ग्रोथ देख रही है, और डेवलपर्स, उद्यमों और उपभोक्ताओं के बीच इसकी मांग बढ़ रही है।

गूगल के अनुसार, इसके मॉडल एपीआई अब प्रति मिनट लगभग 19 अरब टोकन प्रोसेस कर रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष के दौरान 375 से अधिक गूगल क्लाउड ग्राहकों ने प्रत्येक ने एक ट्रिलियन से अधिक टोकन प्रोसेस किए।

गूगल के एआई उत्पादों के बढ़ते उपयोग का जिक्र करते हुए पिचाई ने कहा कि कंपनी के जेमिनी ऐप के मासिक सक्रिय यूजर्स की संख्या 900 मिलियन से अधिक हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। एआई-संचालित सर्च को भी जबरदस्त लोकप्रियता मिल रही है, एआई ओवरव्यू के मासिक यूजर्स की संख्या 2.5 अरब से अधिक हो गई है और एआई मोड के मासिक सक्रिय यूजर्स की संख्या एक अरब से अधिक हो गई है।

कंपनी ने कई नए एआई टूल और अपग्रेड भी पेश किए, जिनमें जेमिनी 3.5 फ्लैश शामिल है, जो कोडिंग और रिल्य वर्ल्ड वर्कफ्लो पर केंद्रित एक तेज एआई मॉडल है और जेमिनी स्पार्क, एक नया व्यक्तिगत एआई एजेंट है जिसे यूजर्स की ओर से कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है।

गूगल ने अपने एआई इंफ्रास्ट्रक्चर में कई अपडेट पेश किए हैं, जिनमें नवीनतम पीढ़ी के टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट (टीपीयू) शामिल हैं, जो बड़े पैमाने पर एआई प्रशिक्षण और अनुमान प्रक्रिया को तेज करने में सहायक हैं।



## टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस और क्रिस्टा का जबर्दस्त क्रेज

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस और टोयोटा इनोवा क्रिस्टा का क्रेज भारतीय ग्राहकों के बीच लगातार बढ़ता जा रहा है। अप्रैल माह में एक बार फिर इनोवा देश की सबसे ज्यादा बिकने वाली 7-सीटर कार बनकर उभरी है। टोयोटा इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते महीने इनोवा की कुल 9,630 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो पिछले साल अप्रैल की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। टोयोटा की बिक्री सूची में दूसरे स्थान पर टोयोटा अर्बन क्रूजर हाईराइडर रही। इस एसयूवी की बिक्री में सालाना आधार पर 96 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई और इसकी 9,115 यूनिट्स बिकीं। वहीं, कंपनी की लोकप्रिय एसयूवी टोयोटा फॉर्च्यूनर और प्रीमियम हैचबैक टोयोटा ग्लैंजा की बिक्री में गिरावट देखने को मिली, जो बाजार की बदलती प्राथमिकताओं का संकेत है इसके अलावा, टोयोटा रूमियन और टोयोटा ताईसोर ने भी स्थिर प्रदर्शन किया। वहीं, लग्जरी एमपीवी टोयोटा वेलफायर की बिक्री में 490 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो प्रीमियम सेगमेंट में इसकी बढ़ती मांग को दशार्ता है। कंपनी की दमदार एसयूवी टोयोटा लैंड क्रूजर को भी ग्राहकों ने खूब पसंद किया। टोयोटा इंडिया ने अप्रैल माह में कुल 30,159 वाहनों की बिक्री की, जो पिछले साल के मुकाबले 21 प्रतिशत ज्यादा है।

# भारत के दोपहिया क्षेत्र की वृद्धि दर वित्त वर्ष 27 में 5 प्रतिशत रहने की उम्मीद: रिपोर्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

भारत के दोपहिया क्षेत्र की वॉल्यूम ग्रोथ वित्त वर्ष 27 में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद है। इसकी वजह जीएसटी कम होना, रिप्लेसमेंट मांग का बढ़ाना है। यह जानकारी बुधवार को जारी रिपोर्ट में दी गई।

आईसीआरए द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया कि घरेलू दोपहिया वाहनों की थोक वॉल्यूम में अप्रैल में सालाना आधार पर 29.2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली थी और इस दौरान यह 1.9 मिलियन यूनिट्स रही। इसकी वजह जीएसटी 2.0 का लागू होना है।

हालांकि, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि उच्च आधार प्रभाव, अल नीनो के कारण मानसून के कमजोर पूवार्नुमान, ईंधन की कीमतों में वृद्धि और इनपुट लागत में बढ़ोतरी के कारण आने वाले महीनों में ग्रोथ धीमी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि खुदरा मांग भी इस महीने स्वस्थ बनी रही, जिसमें सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि उम्मीद से कम मूल्य वृद्धि, मजबूत कृषि उत्पादन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह में स्थिरता और मई के मध्य तक चलने वाले शादी के सीजन के कारण संभव हुई। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर (ई2डब्ल्यू) सेगमेंट की रफ्तार लगातार बढ़ती रही, क्योंकि अप्रैल 2026 में



टू-व्हीलर सेगमेंट की खुदरा बिक्री 1,54,337 यूनिट रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 68.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दशार्ती है। वित्त वर्ष 2026 के लिए, ई2डब्ल्यू की बिक्री में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अप्रैल 2026 में समग्र टू-व्हीलर बाजार में इसकी हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत तक पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सेगमेंट की स्थिर वृद्धि बढ़ती उपभोक्ता स्वीकृति को दशार्ती है, जिसे उत्पादों की बढ़ती उपलब्धता और बेहतर लागत प्रतिस्पर्धा का समर्थन प्राप्त है।

इसके अतिरिक्त, निर्यात उद्योग के लिए एक प्रमुख विकास कारक बना रहा, कुछ विदेशी बाजारों में चुनौतियों के बावजूद अप्रैल में मासिक निर्यात मात्रा में पिछले वर्ष की तुलना में 38.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 2026 के लिए, समग्र टू-व्हीलर निर्यात में 23.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसे उत्पाद पोर्टफोलियो के विस्तार और भारतीय टू-व्हीलर ब्रांडों की बढ़ती वैश्विक पहचान का समर्थन प्राप्त है। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में जारी तनाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं और निर्यात प्रदर्शन के लिए जोखिम पैदा करना जारी रख सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 96 से भी नीचे आया

**मुम्बई, यूटर्न/ 20 मई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया गिरावट के साथ खुला। रुपया आज डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। ये पहली बार 96 के स्तर से आगे निकल गया। ये शुरूआती कारोबार में 96.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिरा। वहीं गत दिवस रुपया 96.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बुधवार को इसकी शुरूआत 96.86 के स्तर पर हुई। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में रुपया करीब 1 रुपये तक कमजोर हो चुका है। रुपये पर सबसे अधिक दबाव कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण आया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच गयी हैं। आज ब्रेंट क्रूड करीब 111 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करता दिखा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण भी कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आया है। इससे भारत पर भी दबाव आया है। भारत को काफी तेल आयात करना पड़ता है।

### सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट आई। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,58,100 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,68,300 रुपये के करीब बने हुए थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी इनकी कीमतें नीचे आई हैं। आज सोने के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 106 रुपये टूटकर 1,58,974 रुपये के भाव पर शुरू हुआ। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,59,080 रुपये था। ये 1,60,378 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,57,59 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा।

## मारुति सुजुकी ब्रेजा जल्द आएगी नए अवतार में



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।** सबसे लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी में शुमार मारुति सुजुकी ब्रेजा अब एक नए अवतार में आने की तैयारी कर रही है। हाल ही में दिल्ली के पास वेस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर ब्रेजा फेसलिफ्ट के टेस्ट मॉडल को देखा गया। टेस्टिंग के दौरान गाड़ी में एमिशन टेस्टिंग किट लगी दिखाई दी, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि कंपनी इसमें नया इंजन विकल्प पेश कर सकती है। जानकारी के अनुसार, मारुति इस फेसलिफ्ट मॉडल में 1.2-लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन या फिर 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दे सकती है। अगर ऐसा होता है, तो नई ब्रेजा की शुरूआती कीमत पहले से अधिक आकर्षक हो सकती है, क्योंकि वर्तमान में कंपनी इस एसयूवी में 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन देती है। नई ब्रेजा फेसलिफ्ट के डिजाइन में भी कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसके फ्रंट ग्रिल को पहले से ज्यादा आधुनिक लुक दिया गया है, जबकि बंपर में रडार हाउसिंग दिखाई दी है, जिससे उम्मीद लगाई जा रही है कि इसमें एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) फीचर दिया जा सकता है।

# एआई का असर! मेटा ने 8,000 कर्मचारियों की छंटनी शुरू की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

मेटा प्लेटफॉर्म्स ने बुधवार को करीब 8,000 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है। इसकी वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण संगठन का पुनर्गठन है। यह जानकारी कई रिपोर्ट्स में दी गई। फेसबुक की पेरेंट कंपनी ने चरणबद्ध तरीके से छंटनी की सूचनाएं भेजना शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक स्तर पर उसके लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारियों के प्रभावित होने और भूमिकाओं में बदलाव होने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक इंटरनल मेमो में मेटा की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत लगभग 7,000 कर्मचारियों को एआई-केंद्रित नई भूमिकाओं में स्थानांतरित करने की योजना का जिक्र किया गया है।

कर्मचारियों को भेजे गए एक मेमो में, मेटा की एचआर चीफ जेनेल गेल ने कहा कि कई टीमों को एआई-आधारित सिद्धांतों के आधार पर पुनर्गठित किया जा रहा है ताकि सरल संरचनाएं और छोटे समूह बनाए जा सकें जो अधिक जिम्मेदारी के साथ तेजी से काम कर सकें। गेल ने कहा, 'बदलावों पर काम करते हुए, कई टीमों ने एआई-आधारित डिजाइन सिद्धांतों को अपनी नई संगठनात्मक संरचनाओं में शामिल किया।'




रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी अमेरिकी कर्मचारियों को भी छंटनी के प्रभावी होने वाले दिन घर से काम करने के लिए कहा गया था, यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका पालन मेटा ने पिछली छंटनी घोषणाओं के दौरान भी किया था। यह पुनर्गठन ऐसे समय में हो रहा है जब मेटा एआई बुनियादी ढांचे पर खर्च में काफी वृद्धि कर रहा है। इसके अलावा, कंपनी ने 2026 के लिए 125 अरब डॉलर से 145 अरब डॉलर के बीच पूंजीगत व्यय का अनुमान लगाया है, जो मुख्य रूप से एआई डेटा केंद्रों, कस्टम चिप्स और मॉडल प्रशिक्षण पर केंद्रित है। सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कथित तौर पर कर्मचारियों को बताया कि एकत्रित डेटा का उद्देश्य केवल एआई प्रणालियों को बेहतर बनाना है, न कि निगरानी करना।

# तेल की जंग: किसने छापे अरबों, कौन हुआ बेहाल?

### अमेरिका ने कमाए 4.81 लाख करोड़, रूस को 1.44 लाख करोड़ का लाभ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।**

मध्य-पूर्व में लंबे समय से जारी भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक अभूतपूर्व उथल-पुथल मचा दी है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में भारी गिरावट तथा सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल व गैस की कीमतें आसमान छू गई हैं। इस गंभीर ऊर्जा संकट ने जहां कुछ देशों के लिए अप्रत्याशित अवसर खोले हैं, वहीं कई पारंपरिक तेल निर्यातक देशों को गहरे वित्तीय घाटे में धकेल दिया है। इस भूचाल का सबसे बड़ा फायदा अमेरिका और रूस को हुआ है, जबकि 5 प्रमुख खाड़ी देशों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। एक स्थानीय समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और ईंधन की कमी का फायदा उठाते हुए अमेरिकी कंपनियों ने जमकर मुनाफा कमाया है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने इस दौरान करीब 14.50 करोड़ बैरल अतिरिक्त तेल की बिक्री की, जिससे देश को 4.81 लाख करोड़ रुपए की बंपर



अतिरिक्त आय हुई है। अमेरिका लगातार बड़े पैमाने पर कच्चे तेल, डीजल और अन्य ईंधन का निर्यात बढ़ा रहा है। इसी तरह युद्ध और प्रतिबंधों के बावजूद रूस भी इस संकट का लाभ उठाने में सफल रहा है। युद्ध शुरू होने से पहले जिस रूसी तेल की कीमत महज 41 डॉलर प्रति बैरल थी, वह 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। नतीजतन, रूस के कुल तेल निर्यात में 5.92 लाख बैरल की गिरावट के बावजूद, उसने 1.44 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त मुनाफा बटोरा है। सऊदी अरब ने भी इस अवसर को भुनाया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर पूरी तरह निर्भर न होने और वैकल्पिक पाइपलाइनों के कारण वह नुकसान से बचा रहा। उसके तेल निर्यात में कमी के बावजूद, महंगे तेल ने आय में 88,538 करोड़ रुपए से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज कराई।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# लू से बचाव के लिए 22 मई तक सावधानी बरतने की अपील

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।



जिले में बढ़ रही गर्मी और लू को देखते हुए जिला प्रशासन व मौसम विभाग ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 मई तक तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। ऐसे में लोगों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां अपनाने की अपील की गई है।

मौसम विभाग ने बताया कि जिले में फिलहाल लू के अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सीएमओ डॉ. अमित विक्रम ने बताया कि लू की स्थिति तब बनती है, जब तापमान सामान्य से काफी अधिक हो और गर्म हवाएं लगातार चलें।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ते तापमान के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड' जैसी स्थिति बन रही है। इससे गर्मी का असर और अधिक बढ़ रहा है। अधिक तापमान और उमस के कारण शरीर में पानी की कमी, कमजोरी, चक्कर आना और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गंभीर स्थिति में जान का खतरा भी बढ़ जाता है।

**दोपहर में बाहर निकलने से बचने की सलाह :** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवतियों, बीमार व्यक्तियों, मजदूरों और निराश्रित लोगों को अधिक सतर्क रहने के लिए कहा है। लोगों को दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। अगर बाहर जाना जरूरी हो तो सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढकने और हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है।

**पानी और घरेलू पेय पदार्थों का सेवन बढ़ाएं :** प्राधिकरण ने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर को हाइड्रेट रखने की अपील की है। ओआरएस घोल, नारियल पानी, लस्सी, छाछ, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों के सेवन की सलाह दी गई है। यात्रा के दौरान अपने साथ पानी रखने के लिए भी कहा गया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि कमजोरी, चक्कर या अस्वस्थ महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# ग्रेटर नोएडा दहेज मौत मामले में तीसरी गिरफ्तारी, मृतका के चचिया ससुर विनोद भी गिरफ्तार

» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 20 मई।



ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक तृतीय क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न से जुड़ी महिला मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतका के चचिया ससुर विनोद को गिरफ्तार कर लिया है।

इससे पहले पुलिस मृतका के ससुर मनोज और पति ऋतिक को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब तक इस मामले में कुल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 17 मई 2026 को थाना ईकोटेक तृतीय क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया था। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था। शिकायत के आधार पर थाना ईकोटेक तृतीय में मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गईं। इसी क्रम में 20 मई 2026 को थाना ईकोटेक तृतीय पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से वांछित आरोपी विनोद पुत्र जयचंद निवासी जलपुरा, थाना ईकोटेक तृतीय, गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। इससे पहले 18 मई को पुलिस ने मृतका के ससुर मनोज और पति ऋतिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और अन्य वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि यह दहेज से जुड़ी हत्या है, जबकि पुलिस की शुरूआती जांच से पता चलता है कि यह आत्महत्या का मामला है, जो दहेज उत्पीड़न से उपजे मानसिक तनाव के कारण की गई है।

# वाहन वर्कशॉप में लगी भीषण आग, कई गाड़ियां जलकर हुई राख

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।



गाजियाबाद के हिंडन क्षेत्र स्थित न्यू बस स्टैंड के पास बुधवार तड़के एक वाहन वर्कशॉप में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि वर्कशॉप के अंदर खड़ी कई गाड़ियां आग की चपेट में आ गईं। जानकारी के अनुसार, आज दिनांक 20 मई 2026 को सुबह लगभग 5 बजे फायर कंट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि रैपिड मेट्रो स्टेशन के पास न्यू बस स्टैंड हिंडन स्थित धर्म कांटा के नजदीक एक गाड़ियों के वर्कशॉप में आग लग गई है। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी दो फायर टैंकर और एक वाटर ब्राउजर के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। दमकल विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो देखा गया कि मेरठ रोड स्थित न्यू ऑटो लाइफ मोटर्स नामक वर्कशॉप में आग तेजी से फैल रही थी। आग इतनी भीषण थी कि वर्कशॉप के अंदर खड़ी गाड़ियां उसकी चपेट में आने लगी थीं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में तुरंत दो हौज पाइप फैलाकर पंपिंग के जरिए आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई और कर्मचारियों की सतर्कता के चलते कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। बताया गया कि वर्कशॉप के अंदर कुल छह गाड़ियां मौजूद थीं, जिनमें से तीन गाड़ियों को फायर कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं बाकी गाड़ियां आग से प्रभावित हुईं।

दमकल विभाग ने समय रहते आग को आसपास की दुकानों और अन्य स्थानों तक फैलने से भी रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

# फैक्टर इंजेक्शन की कमी से हीमोफीलिया के मरीज परेशान

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मई।** बीके सिविल अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले हीमोफीलिया मरीज इन दिनों फैक्टर इंजेक्शन की कमी से परेशान हैं। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में कई महीनों से फैक्टर-8 और फैक्टर-9 इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण उन्हें जरूरत के अनुसार पूरी डोज नहीं मिल पा रही। इससे मरीजों को बार-बार अंदरूनी रक्तस्राव, जोड़ों में दर्द और अन्य गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि जरूरत के समय पर्याप्त डोज नहीं मिलने पर उन्हें बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई रिस्क सर्जरी से ट्यूमर हो हटाया

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मई।** सेक्टर-20 स्थित एक निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने हाई-रिस्क सर्जरी कर लेफ्ट पैरोटिड ग्लैंड में वार्थिन ट्यूमर से पीड़ित 54 वर्षीय मरीज को नया जीवन दिया। मरीज बाएं पैरोटिड क्षेत्र में सूजन की शिकायत लेकर पहुंचे थे। जांच में ट्यूमर की पुष्टि हुई। मरीज पहले से हृदय और फेफड़ों से संबंधी समस्याओं से भी जूझ रहे थे, जिससे सर्जरी चुनौतीपूर्ण हो गई थी। अस्पताल के सर्जिकल डिसिप्लिन्स विभाग के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. बालकिशन गुप्ता ने बताया कि ट्यूमर फेशियल नर्व और आसपास की ब्लड वेसल्स के बेहद करीब था। टीम ने सावधानीपूर्वक सर्जरी कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाया और चेहरे की महत्वपूर्ण नसों को सुरक्षित रखा। सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में निगरानी में रखा गया। हालत स्थिर होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

### पीडब्ल्यूडी की जमीन पर नगर निगम के ठेकेदार ने लगाए अवैध यूनिपोल, हर महीने लाखों की चपत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 मई।** दिल्ली-मेरठ रोड और जीटी रोड लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन हैं, लेकिन इन सड़कों पर नगर निगम की विज्ञापन ठेकेदार 247 मीडिया फर्म ने पीडब्ल्यूडी की अनुमति के बिना अवैध यूनिपोल खड़े कर विज्ञापन लगा दिए हैं। दोनों मार्गों पर 30 से अधिक अवैध यूनिपोल के जरिये हर महीने लाखों रुपये की कमाई की जा रही है। इससे न सिर्फ सरकार को राजस्व की चपत लग रही है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना हुआ है। नियमानुसार, फर्म केवल नगर निगम की सड़कों पर ही यूनिपोल लगा सकती है। इसके बावजूद वर्ष 2021 से अवैध यूनिपोल का खेल जारी है। इसके लिए फर्म और नगर निगम के अधिकारी एक-दूसरे को जिम्मेदार बता रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी बिना अनुमति यूनिपोल लगाने को गलत तो मानते हैं, लेकिन फर्म के विरुद्ध कार्रवाई के नाम पर उन्होंने चुप्पी साध रखी है। नगर निगम ने मार्च 2021 में 247 मीडिया फर्म को विज्ञापन का ठेका दिया था। अनुबंध में स्पष्ट शर्त थी कि ठेकेदार निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार नहीं करेगा। इसके बावजूद ठेकेदार ने दिल्ली बॉर्डर से दुहाई तक करीब 20 किलोमीटर क्षेत्र में 20 से अधिक अवैध यूनिपोल खड़े कर दिए।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने एंटी कैंसर दवाओं के अवैध निर्यात पर केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 मई।




भारत में सिर्फ घरेलू इस्तेमाल के लिए बनी जीवनरक्षक एंटी कैंसर दवाओं के गैर-कानूनी तरीके से विदेश निर्यात किए जाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि कुछ कंपनियां घरेलू बाजार से इन दवाओं को खरीदकर वेरिफिकेशन सिस्टम की खामियों का फायदा उठाती हैं और इन्हें वैध निर्यात खेप के साथ मिलाकर विदेश भेज देती हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ), विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) और जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इन सभी से चार सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि ये दवाएं विशेष रूप से भारतीय मरीजों, खासकर कैंसर रोगियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही थीं लेकिन कुछ कंपनियां और एक्सपोर्टर इन दवाओं को विदेशों में भेज रहे हैं। इससे देश में इन जरूरी दवाओं की कमी हो रही है और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि ऐसी अवैध गतिविधियों पर अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई है और इस तरह की गैर-कानूनी सप्लाई को रोकने के लिए क्या निगरानी व्यवस्था अपनाई गई है।

# बीके अस्पताल की आईसीयू और पीआईसीयू सेवाओं की कार्यक्षमता पर उठ रहे सवाल

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 20 मई।




बीके नागरिक अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। समाजसेवी सतीश चोपड़ा ने आरोप लगाया है कि अस्पताल के आईसीयू और पीआईसीयू में लगे वेंटिलेटर मुख्य रूप से केवल सीपीएपी मोड पर ही सही तरीके से काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि गंभीर मरीजों के लिए जरूरी अन्य मोड पर ऑक्सीजन का दबाव बनाए रखना संभव नहीं हो पाता, जिसके कारण गंभीर हालत वाले मरीजों को मजबूरन रेफर करना पड़ता है।

सतीश चोपड़ा ने बताया कि अस्पताल में अधिकतर वही वेंटिलेटर उपलब्ध हैं, जो सीपीएपी मोड पर संचालित हो रहे हैं। ऐसे में जिन मरीजों को एडवांस वेंटिलेटरी सपोर्ट की जरूरत होती है, उन्हें उच्च संस्थानों के लिए रेफर किया जा रहा है। इससे अस्पताल की आईसीयू और पीआईसीयू सेवाओं की कार्यक्षमता पर सवाल उठ रहे हैं। समाजसेवियों का कहना है कि बीके नागरिक अस्पताल अब जिला अस्पताल कम और रेफरल यूनिट ज्यादा बनता जा रहा है। थोड़े से भी गंभीर मामलों को तत्काल रेफर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की मशीनें होने के बावजूद मरीजों को यहां समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा, जो बेहद चिंता का विषय है।

**प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञों की कमी :** समाजसेवी सतीश चोपड़ा ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन की ओर से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी का तर्क दिया जाता रहा है, जबकि जानकारी के अनुसार करीब दो साल पहले 25 नर्सिंग स्टाफ को वेंटिलेटर संचालन की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इसके बावजूद आईसीयू विशेषज्ञों और प्रशिक्षित डॉक्टरों की कमी बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की मशीनें होने के बावजूद मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा। अस्पताल में आईसीयू और पीआईसीयू जैसी सुविधाएं होने के बाद भी मरीजों को दिल्ली रेफर करना पड़ रहा है, तो यह स्वास्थ्य व्यवस्था की बड़ी विफलता है।

**रेफर के बाद बच्ची की मौत के मामले के बाद गरमाया मुद्दा**

गत रविवार को डबुआ एयरफोर्स रोड निवासी जितेंद्र यादव अपनी पांच माह की बेटी को पहले ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां से बच्ची को रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन बच्ची को बीके नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि यहां भी बच्ची को भर्ती नहीं किया गया और दिल्ली रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार दूसरी एंबुलेंस से सफदरजंग अस्पताल ले जाते समय रास्ते में बच्ची की मौत हो गई। हालांकि इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने कहा था कि महिलाओं और बच्चों के इलाज को गंभीरता से लेने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा था कि बिना किसी ठोस कारण के बच्ची को रेफर करना गंभीर मामला है और इसकी जांच करवाई जाएगी। वेंटिलेटर व्यवस्था और रेफर के मामले में लगाए गए आरोपों को लेकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन इस मुद्दे पर उनका पक्ष नहीं मिल सका।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## शादी करने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिएः शेफाली शाह

अपनी बेबाक सोच के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री शेफाली शाह ने कहा कि समाज में शादी और बच्चे पैदा करने को लेकर काफी दबाव बनाया जाता है, जबकि लोगों को अपनी जिंदगी के फैसले सोच-समझकर लेने चाहिए। शेफाली शाह ने एक बार फिर रिश्तों, शादी और पैरेंटहुड जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी है। एक यूटयूबर से बातचीत में शेफाली ने खासतौर पर युवतियों को सलाह दी कि कम उम्र में शादी करने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को जिंदगी में अलग-अलग लोगों से मिलना चाहिए और खुद को समझने के बाद ही किसी रिश्ते में गंभीरता से आगे बढ़ना चाहिए। उनके मुताबिक शादी एक बड़ा फैसला है और इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। अभिनेत्री ने कहा कि जब तक व्यक्ति भावनात्मक रूप से परिपक्व न हो जाए, तब तक किसी रिश्ते में पूरी तरह कमिटमेंट करना सही नहीं माना जा सकता।

उन्होंने यह भी कहा कि शादी में काफी मेहनत और समझदारी की जरूरत होती है। बातचीत के दौरान शेफाली ने मजाकिया अंदाज में कहा कि बच्चों की बजाय लोग कुत्ते पाल लें।



## सोनल चौहान को बनना था पत्रकार, बन गई अभिनेत्री

अपनी खूबसूरती, अभिनय और मेहनत के दम पर बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान ने फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। सोनल सिर्फ फिल्मों ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी और रिश्तों को लेकर भी अक्सर चर्चा में रही हैं। सोनल का सपना पत्रकार बनने का था लेकिन वह अभिनेत्री बन गई। मॉडलिंग से करियर की शुरूआत करने वाली सोनल आज हिंदी के साथ-साथ साउथ सिनेमा में भी जाना-पहचाना नाम बन चुकी हैं। साल 2005 में सोनल चौहान ने मिस वर्ल्ड टूरिज्म का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। इसी जीत ने उनके लिए ग्लैमर इंडस्ट्री के दरवाजे खोल दिए। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग, विज्ञापनों और म्यूजिक वीडियो में काम करना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और उन्हें फिल्मों के ऑफर मिलने लगे। सोनल के करियर का सबसे बड़ा मोड़ साल 2008 में आया, जब उन्हें फिल्म 'जन्नत' में काम करने का मौका मिला। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता इमरान हाशमी नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई और सोनल रातोंरात स्टार बन गईं।



# नयनतारा का आकर्षक अंदाज

दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा एक बार फिर अपने स्टाइलिश और एलिगेंट अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ नई तस्वीरें साझा की हैं, जिन्हें उनके फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में नयनतारा एक पोल्का ड्रेस में बेहद ग्लैमरस और क्लासी दिखाई दे रही हैं, उनका यह लुक लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। अभिनेत्री का यह सिंपल लेकिन आकर्षक पहनावा उनकी प्राकृतिक सुंदरता को और निखार रहा है। उन्होंने अपनी आंखों में गहरा काजल लगाया हुआ है, जिससे उनकी खूबसूरत आंखें और भी प्रभावशाली लग रही हैं। हाई स्लीक बन हेयरस्टाइल और जूड़े में लगे फूलों ने उनके पूरे लुक को एक खास टच दिया है, जो उन्हें और भी आकर्षक बना रहा है। तस्वीरों में नयनतारा फूलों के बीच अलग-अलग मनमोहक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तस्वीरों पर लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और उनके बेहतरीन फैशन सेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। कई लोगों ने उनके इस अंदाज को बेहद एलिगेंट और रॉयल बताया है।




# डब्ल्यूडब्लयई रेसलर भी बना बुमराह का प्रशंसक

**मुम्बई, यूटर्न/ 20 मई।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक केवल भारत में नहीं अन्य देशों में भी हैं। बुमराह के प्रशंसकों में स्कॉटलैंड के डब्ल्यूडब्लयई रेसलर ड्रू मैकइंटायर भी शामिल हैं। मैकइंटायर ने सोशल मीडिया पर बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया है। इस दिग्गज रेसलर ने अपने सोशल मीडिया पर पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह जिम में अपने बाइसेप्स की एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में सबसे खास बात ये रही कि इसमें मैकइंटायर ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पहनी हुई थी। वीडियो के अंत में, जब वह पीछे मुड़ते हैं, तो उनकी जर्सी पर जसप्रीत बुमराह का नाम और उनका प्रतिष्ठित 93 नंबर स्पष्ट रूप से नजर आता है। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, बाइसेप्स बना रहा हूं, गो बूम, जो उनके बुमराह के प्रति प्रेम और उनकी शैली को दशार्ता है। यह एक अनोखा फैन मोमेंट था जिसने क्रिकेट और रेसलिंग दोनों के प्रशंसकों का ध्यान खींचा। एक सफल और नामी रेसलर का इस प्रकार बुमराह के प्रति यह सम्मान निश्चित रूप से भारतीय गेंदबाज की वैश्विक अपील और खेल के प्रति उनकी निरंतर लग्न का एक और प्रमाण है।




## आरसीबी के निदेशक ने बताया टीम की सफलता का राज

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 20 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का प्रदर्शन आईपीएल के इस 19 वें सत्र में भी शानदार रहा है और वह सबसे पहले प्लेऑफ में पहुंची है। आरसीबी ने पिछले साल भी खिताब जीता था जिसे बरकरार रखना इस बार भी उसका लक्ष्य है और टीम उसी दिशा में आगे बढ़ रही है। टीम के इस सत्र में असाधारण प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उसके क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने कहा है कि इस शानदार फॉर्म का कारण एक अनूठी सोच है, जिसने पिछली बार खिताब जीतने के बावजूद खिलाड़ियों को आत्मसंतुष्टि से दूर रखा।

बोबाट ने कहा, मैं यह महसूस नहीं करना चाहता जैसे हमने माउंट एवरेस्ट फतेह कर लिया हो। हम हमेशा आग बढ़त रहना चाहते हैं। हमारी सोच हमेशा आक्रामक होनी चाहिये। यह विचार टीम के भीतर लगातार गूंजता रहता है, जिसका लक्ष्य यह पक्का करना है कि खिलाड़ी कभी भी अपनी पिछली उपलब्धियों पर स्थिर न हों, बल्कि हमेशा अगले लक्ष्य की तलाश में रहें। इस दौरान एक महत्वपूर्ण पहलू तेजी से अपने को हालातों के अनुकूल ढालना और अपनी रणनीति को लगातार नया रूप देना है। बोबाट के अनुसार, मेरे लिए और यहां तक कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए भी, तेजी से अपने को ढालना, अपनी सोच को फिर से सेट करना और यह तय करना कि अब हम आगे किस चीज पर काम करने वाले हैं.

# ट्रंप बोले दो-चार दिन में ईरान पर फिर हमला करेंगे

## जानकारों ने कहा- खोखली बयानबाजी करते हैं ट्रंप

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 20 मई।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान पर नए सैन्य हमलों की घोषणा की है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल बढ़ गई है। उनके अनुसार, आने वाले दो से चार दिनों के भीतर अमेरिका ईरान पर नए स्ट्राइक्स कर सकता है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान ट्रंप ने स्पष्ट किया कि शुक्रवार, शनिवार, रविवार या अगले हफ्ते की शुरुआत में ईरान पर फिर से बड़ा सैन्य हमला किया जा सकता है।

हालांकि, रक्षा और विदेश मामलों के विशेषज्ञ राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान को केवल माहौल बनाने के लिए की गई खोखली बयानबाजी मान रहे हैं। इससे पहले भी ट्रंप ने युद्ध की आशंकाओं को हवा देते हुए कहा था कि वह व्यापक युद्ध की स्थिति से बचना चाहते हैं, लेकिन ईरान को एक और बड़ा झटका देना बेहद जरूरी हो सकता है। जब उनसे संभावित हमले की समयसीमा के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बहुत सीमित समय का हवाला देते हुए अगले कुछ दिनों के भीतर ही कार्रवाई की बात दोहराई। दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप का यह आक्रामक बयान उनके पिछले दावे के बिल्कुल विपरीत है।

इससे ठीक एक दिन पहले उन्होंने कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी देशों के विशेष अनुरोध के बाद उन्होंने ईरान पर हमले की योजना को फिलहाल टाल दिया है। हालांकि, खाड़ी देशों ने तुरंत ही अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दावे का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह खारिज कर दिया था।

# जॉर्डन ने इबोला के फैलाव के चलते डीआरसी और युगांडा से यात्रियों की एंट्री पर लगाई अस्थायी रोक

☐ इबोला एक गंभीर बीमारी है, जो अक्सर जानलेवा होती है और इंसानों के साथ-साथ अन्य प्राइमेट (बंदर जैसी प्रजातियों) को भी प्रभावित करती है।

» **अम्मान, यूटर्न/ 20 मई।**



जॉर्डन ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और युगांडा से आने वाले यात्रियों के देश में प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाने की घोषणा की है। यह कदम दोनों देशों में इबोला वायरस के फैलाव के बाद उठाया गया है। जॉर्डन के गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, इस प्रतिबंध से जॉर्डन के नागरिकों को छूट दी गई है। यह रोक बुधवार से लागू होगी और 30 दिनों तक जारी रहेगी।

बयान में यह भी कहा गया है कि वैश्विक स्वास्थ्य अपडेट के अनुसार स्थिति पर लगातार नजर रखी जाएगी।

सन्हिुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंगलवार को डीआरसी में फैल रहे इबोला प्रकोप की तेजी और बड़े पैमाने पर गहरी चिंता जताई है, जिसमें 136 लोगों की मौत हो चुकी है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने कहा कि इस प्रकोप से 130 से ज्यादा मौतें जुड़ी हुई मानी जा रही हैं और 500 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

इबोला एक गंभीर बीमारी है, जो अक्सर जानलेवा होती है और इंसानों के साथ-साथ अन्य प्राइमेट (बंदर जैसी प्रजातियों) को भी प्रभावित करती है।

यह वायरस आमतौर पर जंगली जानवरों जैसे चमगादड़, साही और कुछ बंदर प्रजातियों से इंसानों में फैलता है। इसके बाद यह इंसानों में संक्रमित व्यक्ति के खून, शरीर के तरल पदार्थ, अंगों या अन्य स्राव के सीधे संपर्क से फैलता है। यह उन सतहों और चीजों से भी फैल सकता है जो इन तरल पदार्थों से दूषित हो गई हों, जैसे बिस्तर या कपड़े।

इबोला की औसत मृत्यु दर लगभग 50 प्रतिशत होती है। पिछले प्रकोपों में यह दर 25 से 90 प्रतिशत तक रही है।

इबोला का पहला प्रकोप मध्य अफ्रीका के दूर-दराज गांवों में, घने उष्णकटिबंधीय जंगलों के पास हुआ था। 2014-2016 में पश्चिम अफ्रीका में हुआ प्रकोप अब तक का सबसे बड़ा और सबसे जटिल इबोला प्रकोप था। इसमें अन्य सभी प्रकोपों से ज्यादा मामले और मौतें हुई थीं।

यह बीमारी देशों की सीमाएं पार करके फैली थी। गिनी से शुरू होकर सिएरा लियोन और लाइबेरिया तक पहुंच गई थी।

इबोला के लक्षण अचानक शुरू हो सकते हैं, जिनमें बुखार, थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द और गले में खराश शामिल हैं। इसके बाद उल्टी, दस्त, पेट दर्द, शरीर पर दाने और किडनी तथा लीवर के काम करने में दिक्कत जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए स्वास्थ्य कर्मियों के लिए इन लक्षणों पर खास नजर रखना बहुत जरूरी होता है।

# दक्षिण-पश्चिम सिडनी फायरिंग घटना में एक की मौत, चार गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती


» **सिडनी, यूटर्न/ 20 मई।**

दक्षिण-पश्चिम सिडनी में गोलीबारी की एक घटना के बाद एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई है और चार अन्य पुरुष गंभीर हालत में हैं। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य की पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8:30 बजे लिवरपूल अस्पताल से सूचना मिली कि 20 साल के दो युवक अस्पताल पहुंचे हैं, जिनको गोली लगी है। इनमें से एक युवक का इलाज किया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। दूसरा युवक अभी अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद मंगलवार को ही दो और पुरुष गंभीर हालत में फेयरफील्ड अस्पताल पहुंचे, जबकि एक अन्य व्यक्ति लिवरपूल अस्पताल में स्थिर हालत में आया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने कैनली हाइट्स में एक घर को अपराध स्थल घोषित किया है, जो सिडनी के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट से लगभग 30 किलोमीटर पश्चिम में है। समाचार एजेंसी सन्हिुआ ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के हवाले से बताया कि माना जा रहा है कि इस घटना का संबंध संगठित अपराध नेटवर्क से है। डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट क्रेग मिडलटन ने कहा कि पुलिस उन दो पुरुषों की तलाश कर रही है जो रात करीब 8:20 बजे उस घर में घुसे थे, जिसके बाद वहां कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं।

# दुनिया जंगलराज की ओर बढ़ रही लड़ाई रोकना बेहद जरूरी : जिनपिंग

» **बीजिंग, यूटर्न/ 20 मई।**





रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को अहम बैठक की। वार्ता का आयोजन ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में किया गया था। इस दौरान आपसी संबंधों को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई, 20 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए इसके साथ ही मध्य एशिया के बिगड़े हालात पर भी मंथन हुआ।

समाचार एजेंसी सिंहुआ के अनुसार, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने पुतिन के साथ बैठक के दौरान मध्य पूर्व में सभी शत्रुता को तुरंत समाप्त करने का फिर से आ'ान किया। शी ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र की स्थिति 'युद्ध और शांति के बीच एक निर्णायक मोड़' पर है।

वहीं संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को लेकर चेतावनी दी। बैठक में उन्होंने कहा कि दुनिया फिर जंगलराज की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, 'अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और वैश्विक स्थिरता पर बड़ा असर पड़ेगा।'

उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं। ऐसी स्थिति में लड़ाई रोकना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा, 'हम विश्व शासन की एक नई, अधिक तर्कसंगत और निष्पक्ष प्रणाली बनाने, दुनिया को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए तैयार हैं। दुनिया में बहुध्रुवीय व्यवस्था होनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय रिश्तों के नए तरीके अपनाए जाने चाहिए।'

इसके अलावा शी ने रूस-चीन संबंधों को लेकर भी व्यापक चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष चीन-रूस रणनीतिक समन्वय साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ और चीन-रूस मित्र पड़ोसी और मैत्रीपूर्ण सहयोग संधि के हस्ताक्षर की 25वीं वर्षगांठ है।

शी ने बताया कि चीन-रूस संबंध इस मुकाम तक 'कदम दर कदम बढ़कर' पहुंचे हैं, क्योंकि दोनों देशों ने राजनीतिक आपसी विश्वास और रणनीतिक समन्वय को लगातार गहरा किया; सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हमेशा नई ऊंचाइयों को छूने का प्रयास किया; अंतरराष्ट्रीय न्याय और समानता की रक्षा की; और मानवता के साझा भविष्य के लिए समुदाय के निर्माण को दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाया।

पुतिन और जिनपिंग ने व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने से जुड़े डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर किए।

# रूस-चीन का डॉलर पर सीधा प्रहार: पुतिन-जिनपिंग ने बदला वैश्विक गेम, खत्म हो रहा अमेरिका का वर्चस्व

» **मॉस्को, यूटर्न/ 20 मई।**



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बीजिंग यात्रा ने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में एक नए अध्याय की शुरुआत की है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकात को मॉस्को-बीजिंग एक्सिस के रूप में दिखाया जा रहा है, जो अमेरिका के प्रभुत्व को सीधी चुनौती दे रहा है। दोनों देशों ने डॉलर-मुक्त आर्थिक गठबंधन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं, इसके तहत अब तेल और गैस का कारोबार अमेरिकी डॉलर के बजाय रूसी रूबल और चीनी युआन में करने का ऐलान किया है। यह कदम वैश्विक अर्थव्यवस्था में डॉलर की दशकों पुरानी पकड़ को कमजोर करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। रूस और चीन के बीच व्यापारिक लेनदेन पहले ही काफी हद तक डी-डॉलराइज्ड हो चुका है। दोनों देशों के बीच 200 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार अब अधिकतर रूबल और युआन में हो रहा है, जो उनकी बढ़ती आर्थिक आत्मनिर्भरता को दिखाता है। इस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करते हुए, दोनों नेता आर्थिक सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे बहुपक्षीय मंचों की भूमिका पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह यात्रा चीन-रूस मैत्री संधि की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर हो रही है, जो उनके गहरे संबंधों का प्रतीक है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीक्रेट खुलासा: कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान को कोई भाव नहीं देता अमेरिका

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 20 मई।** अमेरिका और पाकिस्तान दुनिया को ऊपर-ऊपर से भले ही अच्छे रिश्ते दिखा रहे हों, लेकिन हाल ही में हुए डिप्लोमैटिक केबल लीक्स बताती हैं कि इन दोनों देशों में कभी एकमत रही ही नहीं। साल 2022 के एक सीक्रेट दस्तावेज में सामने आया है कि अमेरिका-पाकिस्तान के बीच मतभेद इतने ज्यादा थे कि पाकिस्तान को हमेशा इसकी शिकायत रही कि अमेरिका पाकिस्तान को कश्मीर के मामले पर पूरा समर्थन नहीं देता है। ये सीक्रेट लीक्स मीडिया हाउस की ओर से की गई, जिसमें ये बात सामने आई है। इन सीक्रेट खुलासे में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच कश्मीर, यूक्रेन युद्ध और चीन जैसे मुद्दों पर गहरे मतभेद हैं। ये लीक 7 मार्च, 2022 को पाकिस्तान के तत्कालीन अमेरिकी राजदूत आसद मजीद खान ने अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू से हुई मुलाकात की। इस बैठक में पाकिस्तान ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

### तुर्की का शिकारी कोरकुट, दुश्मन की मिसाइलों व ड्रोन को पल भर करता है राख

**प्रति मिनट दागती है 1100 राउंड, आसमान में बना देती गोलियों की अभेद्य दीवार**

**अंकारा, यूटर्न/ 20 मई।** युद्ध के मैदान में सन्नाटा पसरा है। अचानक रडार की स्क्रीन पर एक लाल बिंदी चमकती। दुश्मन की एक घातक क्रूज मिसाइल और ड्रोनों का झुंड बहुत ही कम ऊंचाई पर, रडार को चकमा देते हुए रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। पलक झपकते ही सामने आता है तुर्की का एक बख्तरबंद शिकारी, नाम है कोरकुट। जैसे ही ये हवाई खतरे इसके 4 किलोमीटर के चक्रव्यूह में कदम रखते हैं, इसका आधुनिक 3डी रडार उन्हें सेकंड के सौवें हिस्से में 'लॉक' कर देता है। इसके बाद जो होता है, वह आसमान में तबाही का खूंखार मंजर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरकुट की जुड़वां 35एमएम बैरल गरज उठती हैं और प्रति मिनट 1100 राउंड की खौफनाक रफ्तार से मौत का ऐसा जाल बुनती हैं कि दुश्मन की मिसाइलें हवा में ही बिखर जाती हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *